पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए ऑन लाइन ठगी के आरोपी।




# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### लोकायुक्त कानून लागू करने के लिए चलाया गया हस्ताक्षर अभियान

**संवाददाता** देहरादून। राज्य में बढ़ते भ्रष्टाचार की रोकथाम हेतू एक सशक्त लोकायुक्त कानून लाने की मांग को लेकर उत्तराखण्ड राज्य आंदोलनकारी मंच द्वारा आज गांधी पार्क में एक हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जहां आम नागरिकों द्वारा इस अभियान में बढ़ चढ़ कर हिस्सेदारी की गयी। आंदोलनकारी मंच का कहना है कि उत्तराखण्ड राज्य का निर्माण अनेको शाहदतों, बलिदानों व अत्याचारों को सहन करके हुआ है, लेकिन आज आंदोलन की अवधारणा धूल धूसरित होती प्रतीत हो रही है। उनका कहना है कि पिछले 18 वर्षो से प्रत्येक सरकार के कार्यकाल में घपले घोटाले होते रहे है।

### आबकारी विभाग में भ्रष्टाचार का बोलबाला

**संवाददाता** देहरादून। समाजसेवी विकेश सिंह नेगी ने आबकारी विभाग में फैले भ्रष्टाचार को लेकर खुलासा किया। विकेश सिंह नेगी लंबे समय से आबकारी विभाग में फैले भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज बुलंद किये हुए हैं। समाजसेवी विकेश सिंह नेगी ने कहा कि शराब महकमे में अफसर सरकारी रसूख और दौलत पर भरपूर मौज कर रहे हैं। उनको न तो आला अफसरों का डर है न ही कोर्ट का। आबकारी विभाग में तैनात इंस्पेक्टर शुजआत हुसैन की नौकरी को चुनौती मामले में सरकार की तरफ से नैनीताल हाईकोर्ट में जवाब दाखिल कर दिया गया है।

### राज्यपाल बेबी रानी मौर्य पधारी परमार्थ निकेतन

ऋषिकेश। परमार्थ निकेतन में राज्यपाल महामहिम बेबी रानी मौर्य जी और भारतीय पार्श्वगायक सुरेश वाडेकर जी पधारे। परमार्थ गंगा तट पर आयोजित सांस्कृतिक संध्या का उद्घाटन उत्तराखण्ड की राज्यपाल बेबी रानी मौर्य जी, परमार्थ निकेतन के परमाध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी, जीवा की अन्तर्राष्ट्रीय महासचिव साध्वी भगवती सरस्वती जी ने दीप प्रज्जवलित कर किया।

### आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दिया स्मार्ट फोन चलाने का प्रशिक्षण

**संवाददाता** विकासनगर। राष्ट्रीय पोषण अभियान के अंतर्गत बाल विकास विभाग की ओर से बरोटीवाला में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को कामकाज के लिए स्मार्टफोन दिए गए हैं। स्मार्ट फोन में विभाग की एप डाउनलोड की है। बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर ब्राह्मी तोमर ने बताया कि बाल विकास विभाग की ओर से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को स्मार्ट तरीके से काम करने के लिए स्मार्ट फोन देने के साथ ही फोन का उपयोग करने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## दर्जाधारी मंत्री बृजभूषण गैरोला ने ली यूसीएफ की बैठक

**संवाददाता** देहरादून। राज्य सरकार में राज्य मंत्री दर्जाधारी बृज भूषण गैरोला ने यूसीएफ में संघ की प्रबंध समिति की बैठक ली। बैठक में विभिन्न विंदुओं पर चर्चा होने के साथ ही पूर्व में पारित प्रस्तावों की कार्य की प्रगति की भी समीक्षा की। जिसमें देहरादून में प्रस्तावित प्रिटिंग प्रेस जिसका कार्य अंतिम चरण में है। उस पर विस्तार से मंथन किया गया। इसके अलावा पूर्व में पारित प्रस्ताव के क्रम में यसेश्सबरप वाश्सिजपस हल्दूचौड में फूड प्रोसेसिंग यूनिट के कार्य की प्रगति की भी समीक्षा की गयी। इसे जल्द से जल्द बैठक में स्थिापित किए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में नए प्रस्ताव में राज्य सरकारी संघ अपने व्यवसाई में वृद्धि करने की दृष्टि से जनपद देहरादून में होमोपैथिक यूनिट लगाने पर विचार मंथन किया गया। साथ ही संघ की सोयाबीन परियोजना हल्दूचौढ में संघ अपने भूमि पर कैश कॉप आधारित आरगनिक खेती स्थापित करने के साथ वहां पर इसके लिए एक स्त्रोत सैन्टर बनाने पर भी विचार किया गया। संघ की आयुवैदिक ईकाइ सीडीएफ रानीखेत की खाली भूमि पर ऑरगनिक हर्बल प्लांटेशन लगाने का प्रस्ताव पारित किया गया। संघ की व्यवसाई दृष्टि से मरम्मत किए जाने तथा खाली पडे गोदामों किराए पर जाने का प्रस्ताव पारित किया गया।

# महाकुम्भ के पहले हो जाएंगे नमामि गंगे के काम पूरेः सीएम

**बैठक**

पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कानपुर में आयोजित हुई राष्ट्रीय गंगा परिषद की बैठक




राष्ट्रीय गंगा परिषद की बैठक में उपस्थित सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत।

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने राष्ट्रीय गंगा परिषद की बैठक में प्रतिभाग करते हुए नमामि गंगे परियोजना में गंगा की सहायक नदियों पर स्थित प्रमुख नगरों में भी सीवेज प्रबंधन की योजनाओं की स्वीकृति देने व ठोस अपशिष्ठ निस्तारण की व्यवस्था किए जाने का सुझाव दिया है। उन्होंने प्रधानमंत्री से आगामी कुम्भ में स्थाई व अस्थाई प्रकृति के कार्यों के लिए सहायता का भी अनुरोध किया।

शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कानपुर में आयोजित राष्ट्रीय गंगा परिषद की बैठक आयोजित की गई। इसमें केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, बिहार के उप मुख्यमंत्री सुशील मोदी सहित परिषद के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने उत्तराखण्ड में नमामि गंगे के अंतर्गत किए गए कार्यों के लिए प्रधानमंत्री और भारत सरकार का आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नमामि गंगे के तहत उत्तराखण्ड में प्राथमिकता के चिन्हित 15 नगरों के लिए स्वीकृत 19 योजनाओं में से 10 योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं, 05 योजनाएं दिसम्बर 2019 तक, 02 योजनाएं फरवरी 2020 तक, 01 योजना जून 2020 तक व 01 योजना नवम्बर 2020 तक पूर्ण कर ली जाएंगी। प्राथमिकता के इन नगरों में चिन्हित किए गए 135 नालों में से 70 नालें एनजीबीआरए में स्वीकृत योजनाओं में टैप किए जा चुके हैं। शेष 65 नालों में से 43 नालों को नमामि गंगे में स्वीकृत योजनाओं में टैप कर लिया गया है। शेष 22 नालों को भी जल्द ही टैप कर लिया जाएगा। गंगा की मुख्य धारा के अतिरिक्त दो अन्य सहायक नदियों रिस्पना व कोसी के तट पर स्थित नगरों, देहरादून और रामनगर के लिए भी 02 योजनाएं स्वीकृत हुई हैं। इन्हें भी नवम्बर 2020 तक पूरा कर लिया जाएगा।

हरिद्वार में 72 घाटों की अत्याधुनिक उपकरणों से सफाई का काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने पीएम से आगामी कुम्भ में स्थाई व अस्थाई प्रकृति के कार्यों के लिए सहायता का भी अनुरोध किया। सीएम ने कहा कि गंगा वाटिका व बायो डाईवर्सिटी पार्क विकसित करने व नर्सरियां बनाने पर भी जोर दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ठोस अपशिष्ठ का निस्तारण भी बहुत महत्वपूर्ण है। इसके लिए नमामि गंगे परियोजना से भी वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाए या स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत वायबिलिटी गैप फंडिंग के अनुपात को बढ़ाकर 90:10 के अनुपात में वित्तीय सहायता दी जाए।

# अतिथियों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश

**जायजा**

■ पीठासीन अधिकारियों के अखिल भारतीय सम्मेलन की तैयारियों का विस अध्यक्ष ने लिया जायजा

देहरादून। **संवाददाता**



पीठासीन अधिकारियों के अखिल भारतीय सम्मेलन की तैयारियों का जायजा लेते विस अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल।

दून में 17 से 21 दिसंबर तक आयोजित होने वाले पीठासीन अधिकारियों के अखिल भारतीय सम्मेलन की तैयारियों का जायजा लेने के लिए उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने आज उच्च अधिकारियों के संग कार्यक्रम स्थल होटल रीजेंटा का मौके पर निरीक्षण किया। उन्होंने तिथि वार चलने वाले कार्यक्रम की प्रत्येक गतिविधियों पर अधिकारियों से विस्तार करते हुए अधिकारियों को सम्मेलन की विशेषता और भव्यता का पूरा ख्याल रखने के भी निर्देश दिये।

इस दौरान शासन, प्रशासन, विभाग एवं विधानसभा के उच्च अधिकारीगण मौजूद थे। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने मौके पर जायजा लेते हुए आयोजन स्थल पर ओपन सेरेमनी हॉल, कॉन्फ्रेंस हॉल, पार्किंग व्यवस्था सहित प्रदर्शनी स्थल एवं अतिथियों के भोज स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान माननीय विधानसभा अध्यक्ष ने एसपी सिटी से उत्तराखंड में आने वाले अतिथियों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए। उन्होंने आयोजन स्थल पर औद्योगिक विभाग द्वारा लगाए जाने वाले स्टालों, हस्तशिल्प प्रदर्शनी के बारे में भी जानकारी ली। इधर अधिकारियों द्वारा बताया गया कि 15 से 20 स्टॉल आयोजन स्थल पर लगाए जाएंगे जो कि विक्रय केंद्र भी होंगे जहां से अतिथिगण उत्तराखंड में हाथ से बनी हुई वस्तुओं को खरीद पाएंगे। उन्होंने बताया कि लोस टीवी, रास टीवी एवं दूरदर्शन, आकाशवाणी द्वारा सम्मेलन के उद्घाटन अवसर का सीधा प्रसारण किया जाएगा।

## वृद्धजनों को हर रविवार को निःशुल्क योगा प्रशिक्षण दिया जायेगा

**संवाददाता** देहरादून। जिलाधिकारी देहरादून की अध्यक्षता में आहूत जिला स्तरीय समिति की बैठक में जिलाधिकारी सी रविशंकर ने वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क योगा और मेडिकल चौकअप सुविधा'' उपलब्ध कराने हेतु दिये गये निर्देशों के अनुपालन में जनपद अवस्थित गांधी पार्क में प्रत्येक रविवार को वरिष्ठ नागरिकों एवं वृद्धजनों को प्रातः 08 बजे से प्रातः 9 बजे तक एक घण्टे निःशुल्क योगा प्रशिक्षण दिया जायेगा तथा इस दौरान दून मेडिकल कालेज, गांधी शताब्दी नेत्र चिकित्सालय एवं राजकीय कारनेशन चिकित्सालय के चिकित्सकों द्वारा वृद्धजनों का चिकित्सा परीक्षण किया जायेगा। इस कार्य को सम्पादित करवाने हेतु जिलाधिकारी द्वारा नामित नोडल जिला ने क्रीड़ा अधिकारी राजेश ममगांइं–9410148428, सहायक समाज कल्याण अधिकारी दीपांकर घिल्डियाल– 8077641031, एवं एग्नेश कुन्ज सोसायटी से लारेन्स सिंह–9719536211, हैल्पऐज इण्डिया से कृष्णा अवतार–9410133887 है।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०-**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।